आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार एकांश

पौधा रोपण इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ इंदौर जिले में 51 लाख वृक्षारोपण के संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। इंदौर पहुंचकर दोनों नेताओं ने सबसे पहले देवी अहिल्या माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस अवसर पर रुद्राक्ष के पौधों का रोपण भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी ही खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। जिसमें इंदौर शहर और पूरे जिले में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान एक जन अभियान का रूप ले रहा है। इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता सामने आ रही है।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

भगवान जगन्नाथ, भगवान बालभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा आज ओडिशा के पुरी में शुरू हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी वार्षिक उत्सव में शामिल होने के लिए पुरी में हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज सुबह उज्जैन के जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं की। उन्होंने रथ यात्रा की शुभकामनाएं भी दी। आज भोपाल में भी कई स्थानों पर रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आगरमालवा जिले के कानड़ में भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद नगर में कल रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए।

संपूर्णता अभियान-खंडवा

आकांक्षी विकास खंड छैगांवमाखन में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन कल किया गया। मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, जनपद अध्यक्ष महेंद्र सावनेर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री पाटील ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखण्ड में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित पैरामीटर पर कार्य किया जाना है। साथ ही ग्राम पंचायतों में प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के कार्य करना चाहिए। सम्पूर्णता अभियान के तहत स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खंडवा के द्वारा जनपद पंचायत में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आरसेटी बाजार का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्री पाटील ने आरसेटी बाजार में उपस्थित प्रशिक्षण उत्पादों की सराहना की गई। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से बैंक आफ इंडिया द्वारा दिए गए लोन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिले में अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल एवं सीपा संस्था द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम समन्वयक हरेंद्र पांडे द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

भाजपा कार्यसमिति

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सभी सीटों पर जीत के बाद भाजपा संगठन आगामी कार्यक्रमों की रणनीति में जुट गया है। इसको लेकर आज प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक हो रही है। इसमें एक हजार से ज्यादा पदाधिकारी और नेता शामिल है। दिन भर चलने वाली इस बैठक में केंद्र सरकार में शामिल प्रदेश के छह मंत्रियों और नवनिर्वाचित सांसदों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के अलावा कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। बैठक में भाजपा के सदस्यता अभियान की तारीख और कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है।

समाचार संक्षेप

- भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। आकाशवाणी से मैच का आखों देखा हाल चार बजे से प्रसारित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज आयुक्त कार्यालय परिसर पर पौधरोपण किया गया। संभागायुक्त और सभी संभागीय तथा प्रभारी अधिकारियों ने एक पेड मां के नाम के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए।
- नीमच में लोक सेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम के तहत आवेदकों को समय पर सेवाए प्रदाय नही करने पर कलेक्टर ने पांच अधिकारियों पर जुर्माना आरोपित किया।
  - मुख्य खण्डपीठ जबलपुर हाईकोर्ट ने अग्निवीर भर्ती से जुड़े सेना के अधिकारियों को चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने की बात कहते हुए चयनित अभ्यर्थियों को प्राप्त अंकों की जानकारी भी साझा करने के निर्देश दिए।